# जन्मदिन से पहले खुल जाये तेरा द्वार | by Gopal Sharma Haare

छोटी सी ये अर्ज़ी हम करते हैं सरकार
तेरे जन्मदिन से पहल खुल जाये तेरा द्वार

नियम हमारा बाबा टूट ना जाए
कार्तिक की ग्यारस हमसे छूट ना जाए
बारह महीने करते इस दिन का इंतज़ार
तेरे जन्मदिन से पहल खुल जाये तेरा द्वार

बड़ा ही ज़रूरी है ये चाहूँ ना खोना
प्रकट हुआ था मेरा सांवरा सलोना
चारों और बधाई बांटे है ये संसार
तेरे जन्मदिन से पहल खुल जाये तेरा द्वार

अपने जनमदिन पे ही तोहफा ये देगा
कार्तिक की ग्यारस पे ही दर ये खुलेगा
कहे सचिन ये सबसे ना करना तू इनकार
तेरे जन्मदिन से पहल खुल जाये तेरा द्वार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a4%b9%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a5%81%e0%a4%b2-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%a4/